लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 154
07 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा समुदाय में नई जान फूंकना

154. श्री कल्याण बनर्जी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत विश्व में कपास का सबसे बड़ा उत्पादक देश है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश के हथकरघा समुदाय में नई जान फूंकने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है और देश में हथकरघा संकुल की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) सस्ते चीनी आयातित कपड़ों से प्रतिस्पर्धा करने और बुनकरों और कारीगरों को आने वाली उच्च लागत की समस्या को हल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): भारत विश्व में कपास का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

(ख) और (ग): सरकार हथकरघा क्षेत्र के विकास के लिए निम्नलिखित योजनाएं क्रियान्वित कर रही है:

1. राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम, जिसके अंतर्गत पात्र हथकरघा एजेंसियों/बुनकरों, करघों एवं उपकरणों, अवसंरचना विकास, डिजाइन एवं उत्पाद विकास, घरेलू/विदेशी बाजारों आदि में हथकरघा उत्पादों के विपणन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2015-16 से वर्ष 2022-23 तक (दिनांक 31.10.2022 तक) 600 हथकरघा कलस्टरों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है और 389.62 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

2. कच्चा माल आपूर्ति योजना, जिसके अंतर्गत सभी किस्म के यार्न के लिए भाड़ा शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है और कॉटन हैंक यार्न, घरेलू सिल्क, ऊन, लिनेन यार्न एवं मात्रा की सीमा के साथ प्राकृतिक फाइबरों के मिश्रित यार्न के लिए 15% की मूल्य सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य सब्सिडी युक्त दरों पर हथकरघा बुनकरों के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराना है।

इसके अलावा, सस्ती दरों पर आयातित फैब्रिक के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

- बुनकरों और कारीगरों को सरकारी ई-मार्किट (जेम) पोर्टल पर पंजीकृत करना ताकि विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों को सीधे अपने उत्पादों की बिक्री करने के लिए उन्हें सक्षम बनाया जा सके।
- अपने उत्पादों के विपणन और बिक्री के लिए बुनकरों के लिए देश के विभिन्न भागों में घरेलू विपणन कार्यक्रमों का आयोजन करना। हथकरघा उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद अंतर्राष्ट्रीय विपणन मेलों/कार्यक्रमों में भाग ले रहा है/आयोजन कर रहा है।

*****